05/10/2015

सुबह योग, दोपहर को भंगड़ा | ग्लोबल यूथ पीस फेस्टिवल का आगाज



सिटी रिपोर्टर | चंडीगढ़

10वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को दुनिया में शांति फैलाने के लिए प्रेयर व मेडिटेशन से हुआ। पंजाब व हरियाणा के गवर्नर प्रोफेसर कप्तान सिंह सोलंकी ने इसका उद्घाटन किया। सेक्टर-16 के क्रिकेट स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम के दौरान 30 देशों के डेलिगेट्स के साथ ही स्कूल व कॉलेज के एनएसएस के स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेडिटेशन सेशन में नेशनल यूथ प्रोजेक्ट के फाउंडर डॉ. सुबा राव, पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत और बर्नी मेयर भी मौजूद रहे। लेक पर योग भी हुआ।

शांति का संदेश देना आसानः सोलंकी

थाईलैंड से आए फ्रा नीति और फ्रा पोवित ने मेडिटेशन सेशन लिया। प्रोफेसर सोलंकी ने कहा कि भारत हमेशा ही शांति का संदेश देता आया है और जब इतने सारे फॉरेन डेलिगेट्स एक साथ हैं तो शांति का संदेश इनके देशों तक बेहतर तरीके से पहुंचाया जा सकता है।

संस्कृति समझने का मौकाः सूर्यकांत

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि विभिन्न देशों के डेलिगेट्स को आपस में एक-दूसरे से सीखने और उनकी संस्कृति को समझने का मौका मिलेगा। इससे लोगों को आसानी होगी एक-दूसरे के करीब जाने और दूसरे की संस्कृति से कुछ अच्छी बातें अपनाने में।